## संपादकीय

# बढ़ रहे हैं बाघ

अभी जब रोज ही वन्य जीवों को लेकर कोई न कोई बुरी खबर पूरी दुनिया से आ रही है, तब भारत में बाघों की संख्या में तेज बढ़ोतरी की सूचना पर्यावरण प्रेमियों का हौसला बढ़ाने वाली है। विश्व बाघ संरक्षण दिवस (29 जुलाई) पर स्वयं भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार फिलहाल देश में कुल 2,967 बाघ हैं। यह संख्या 2014 में हुई पिछली गणना से लगभग एक तिहाई ज्यादा है, जबकि 2006 में बाघ बचाने का संकल्प लिए जाते वक्त की तुलना में दोगुनी से भी अधिक हो चुकी है। इसमें एक तकनीकी पेच यह है कि बाघों की पिछली गिनती में डेढ़ साल या इससे ज्यादा उम्र वाले बाघ ही गिने गए थे, जबकि इस बार एक साल तक की उम्र वाले बाघ गिने गए हैं। गणना की जवाबदेही वाले अफसरों का कहना है कि एक और डेढ़ साल के बाघ के बीच ज्यादा फर्क नहीं होता, लिहाजा गणना की न्यूनतम आयु एक साल कर दी गई है। इसके डेढ़ साल रखने की वजह यह बताई गई थी कि इस उम्र में आकर बाघ आत्मनिर्भर हो जाता है। बहरहाल, यह सिर्फ एक तकनीकी मामला है। बाघ संरक्षण की दृष्टि से बुरी खबर यह है कि तीन भारतीय बाघ अभयारण्यों में सारी कोशिशों के बावजूद एक भी बाघ नहीं खोजा जा सका है।

एक बड़ी समस्या बाघों के रहने की जगह की है। अभी भारत में बाघ अभयारण्यों का कुल क्षेत्रफल लगभग 3 लाख 80 हजार वर्ग किलोमीटर है, जबकि गिने गए लगभग तीन हजार बाघों को रहने के लिए 200 वर्ग किलोमीटर प्रति बाघ के हिसाब से 6 लाख वर्ग किलोमीटर, यानी लगभग दोगुनी जगह की जरूरत पड़ेगी। जगह कम होने के तीन असर देखे जाते हैं। एक तो बाघ आपस में ही लड़कर मारे जाते हैं। दूसरे, अपनी खुराक पूरी करने के लिए वे इंसानी बस्तियों में जाते हैं और लोगों के गुस्से का शिकार बनते हैं। तीसरे, कई बार उन्हें खाने को कुछ नहीं मिलता और वे लगातार भुखमरी से ग्रस्त होकर कहीं मरे पाए जाते हैं। ये सारे कारक चीनी बाजारों में बाघों के अंगों की तस्करी करने वाले फंदामार शिकारियों के अलावा हैं, जिन्होंने राजस्थान जैसे बाघों के गढ़ में इनकी जड़ ही तोड़ दी। ध्यान रहे, बाघों को जिंदा रखना हमारी सहज सोच से कहीं ज्यादा मुश्किल है। बाघ मर जाएगा, लेकिन न तो घास खाएगा, न चूहा-गिलहरी मारकर गुजारा करेगा। उसके जिंदा रहने के लिए जंगल में हिरन, नीलगाय और सूअर जैसे मंझोले कद के शाकाहारी जानवरों का बड़ी तादाद में होना जरूरी है। लेकिन इन्हें पाल सकने वाले घने जंगलों का न तो देश की बढ़ती आबादी से कोई मेल बनता है, न ही दिनोंदिन खड़ी होती आवासीय कॉलोनियों और सड़क, रेलवे, 'नदी जोड़ो' जैसी परियोजनाओं से, जिन्हें समवेत रूप से हम 'विकास' मानने लगे हैं। इन दबावों के बीच अगर हम सचमुच बाघ बचाने में कामयाब होते हैं तो दुनिया मानेगी कि भविष्य को लेकर हमारी समझ एकांगी नहीं है।

# जल्द जारी होगा 20 रुपये का नया नोट



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने बाद से कई नए नोट बाजार में आ चुके हैं. 2000, 500, 200, 100, 50 रुपए के नोटों के बाद अब जल्द आपके हाथ में होगा 20 रुपए का नया नोट. इस नोट में गवर्नर शक्तिकांत दास के हस्ताक्षर होंगे और नोट के पीछे देश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए एलोरा की गुफाओं का चित्रण किया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन नए नोटों की पहली खेप कानपुर स्थित रिजर्व बैंक के रिजलन ऑफिस में पहुंच चुकी है. जल्द ही 20 के इन नए नोटों की गड्डियां बैंकों में पहुंचाया जाएगा.

इस नोट पर गवर्नर शक्तिकांत दास के हस्ताक्षर हैं. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने साफ कर दिया है कि 20 रुपये के पहले से चलन में मौजूद सभी नोट लीगल टेंडर बने रहेंगे. यानी 20 रुपये के नए नोट आने से पुराने नोट पहले की तरह चलते रहेंगे.

आरबीआई द्वारा पेश किए गए 20 रुपये के इस नए नोट के आगे के हिस्से पर महात्मा गांधी का चित्रण बीच में है. इसी साइड नोट का मूल्य हिंदी और अंग्रेजी के अंकों में लिखा होगा और आरबीआई, भारत, इंडिया और 20 माइक्रो लेटर्स के रूप में होंगे. सुरक्षा पट्टी पर भारत और आरबीआई लिखा होगा.

नोट के अगले हिस्से पर गारंटी क्लॉज, गवर्नर के हस्ताक्षर, आरबीआई का प्रतीक चिन्ह महात्मा गांधी की तस्वीर के दाहिनी तरफ होगा और नोट के दाहिनी तरफ अशोक स्तंभ होगा. नोट का नंबर बायें से दाहिनी तरफ बढ़ते आकार में छपा हुआ होगा.

नोट के पिछले हिस्से पर बायीं तरफ वर्ष, स्वच्छ भारत का लोगो स्लोगन के साथ और भाषा की पट्टी होगी. नोट के पिछले हिस्से पर एलोरा के गुफाओं का चित्र भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करेगा. नोट 63मिमी चौड़ा और 129 मिमी लंबा होगा.

# एचडीएफसी ने होम लोन की ब्याज दरें घटाईं, सस्ती होगी ईएमआई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** घर खरीदने वालों के लिए अच्छी खबर है. होम लोन देने वाली कंपनी एचडीएफसी ने ब्याज दरों में 0.10 फीसदी की कटौती की है. एचडीएफसी ने यह कटौती अलग-अगल परिपक्वता अवधि के रिटेल लोन के ब्याज पर की है. यह कटौती नए ग्राहकों के लिए तो लागू होगी ही, साथ ही इसका फायदा मौजूदा ग्राहकों को भी मिलेगा. एचडीएफसी की नई दरें 1 अगस्त से लागू हो गई हैं.

एचडीएफसी ने 30 लाख रुपये तक के होम लोन पर ब्याज दर 8.60 फीसदी होगी. इसी तरह 30 लाख से 75 लाख रुपये तक के कर्ज पर 8.85 फीसदी ब्याज दर होगी. अलावा 75 लाख रुपये से अधिक के लोन पर क्रमशः 8.90 फीसदी ब्याज दर लागू होगी.

## महिला ग्राहकों के लिए ब्याज दर

अगर आप महिला ग्राहक हैं तो हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी से 8.55 फीसदी ब्याज दर पर 30 लाख रुपये तक का होम लोन लिया जा सकता है. इसी तरह 30 लाख से 75 लाख तक के होम लोन पर 8.80 फीसदी ब्याज देना होगा.



सरकारी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राहकों को तोहफा देते हुए मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट में कटौती की घोषणा की है. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अलग-अलग टेन्योर के लिए बेंचमार्क उधार दर में 0.05-0.20 फीसदी की कटौती की घोषणा की. इसके बाद बैंक का होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन सस्ता हो जाएगा. नई दरें 1 अगस्त से लागू हो गई हैं.

इससे पहले पिछले महीने जुलाई में एसबीआई अपने अलग-अलग परिपच ता अवधि के लोन पर ब्याज दर में 0.05 फीसदी की कमी की थी. साथ ही एसबीआई ने एक साल के कर्ज पर ब्याज दर को 8.45 फीसद से कम करके 8.40 फीसदी कर दिया था.

# जिंदल स्टील ने भारतीय रेलवे को की 1.26 लाख टन रेल की आपूर्ति

JINDAL STEEL & POWER

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने बुधवार को कहा कि उसने भारतीय रेलवे को 1.26 लाख टन रेल की आपूर्ति पूरी कर ली है। कंपनी को रेलवे से पिछले साल जुलाई में यह ठेका मिला था। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया, ''जेएसपीएल ने भारतीय रेलवे को मजबूती देते हुए 29 जुलाई 2019 को रेल आपूर्ति का पहला ठेका पूरा किया। जेएसपीएल ने समयसीमा समाप्त होने से पहले ही रिकॉर्ड समय में 1,26,604 टन रेल की आपूर्ति की है। इनमें से 97,400 टन रेल की आपूर्ति 22 अप्रैल को की गयी थी।'' कंपनी ने कहा कि इस ठेके का कुल मूल्य 732 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि उसे रेल विकास निगम लिमिटेड से भी रेल की आपूर्ति के लिये 665 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

# ब्याज दर में कटौती के बाद गिरे अमेरिकी शेयर बाजार

**न्यूयॉर्क (आरएनएस)।** फेडरल रिजर्व के एक दशक से भी अधिक समय बाद मुख्य ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने के बाद बुधवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 335 अंक यानी 1.20 प्रतिशत गिरकर 26,864.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह लगभग 500 अंक की गिरावट में था। इसी तरह एसएंडपी500 भी 1.10 प्रतिशत गिरकर 2,980.36 अंक पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयर बाजार नास्डैक कंपोजिट इंडेक्स में भी 1.20 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली और यह 8,175.42 अंक पर बंद हुआ। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की योजना की घोषणा करने के बाद बाजार में कुछ गिरावट देखने को मिली।

इसके बाद जब फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जीरोम पावेल ने आगे की रणनीति के बारे में मिला-जुला संकेत दिया तो बाजार की गिरावट तेज हो गयी।

# फेड के फैसले के बाद टूटा कच्चा तेल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद कच्चे तेल के दाम में गिरावट आई है। अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार में कच्चे तेल के भाव में गुरुवार को एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। अंतर्राष्ट्रीय बाजार से मिले कमजोर संकेतों से घरेलू वायदा बाजार पर भी कच्चे तेल का भाव 4,000 रुपये प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गया।

कच्चे तेल के दाम में नरमी आने से एक बार फिर पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि की संभावनाओं पर ब्रेक लग गया है।

कमोडिटी बाजार विश्लेषकों के अनुसार, फेड के फैसले से निवेशकों का मनोबल टूटा है और अमेरिका-चीन व्यापारिक वार्ता बेनतीजा रहने से कच्चे तेल की मांग में सुस्ती रहने की संभावना बनी हुई है।

पूर्वाह्न 11.23 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर कच्चे तेल के अगस्त अनुबंध में 33 रुपये यानी 0.82 फीसदी की कमजोरी के साथ 3,999 रुपये प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था जबकि इससे पहले भाव 3,997 रुपये प्रति बैरल तक गिरा।

इंटरकांटिनेंटल एक्सचेंज यानी आईसीई पर ब्रेंट क्रूड के अक्टूबर अनुबंध में गुरुवार को 1.11 फीसदी की गिरावट के साथ 64.33 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। वहीं, न्यूयार्क मर्केंटाइल एक्सचेंज यानी नायमैक्स पर अमेरिकी लाइट क्रूड वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट यानी डब्ल्यूटीआई 1.33 फीसदी की गिरावट के साथ 57.88 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ था।

## आज का राशिफल

मेषः- मेष राशि वाले आज घर एवं बाहर आज दोनों जगह वाद-विवाद से बचें। सोच-समझकर कार्य व्यवहार करें। घर में परिजनों का आपके प्रति विरोध हो सकता है।

वृषभः- कार्य व्यापार में उन्नति का दिन है। अचानक धन लाभ हो सकता है। किसी भी जगह की यात्रा मंगलमय रहेगी। कार्य पूरे होने के प्रबल आसार हैं।

मिथुनः- अचानक धन लाभ हो सकता है। आज कोई नया प्रोजेक्ट या योजना प्रारम्भ करना शुभ रहेगा। आज आपकी वाणी से निकले शब्द कल्याणकारी रहेंगे।

कर्कः- सोचा हुआ कार्य आज पूरा होगा। यात्रा से लाभ होगा। आज जो भी कार्य करेंगे, आपको सिद्धि प्राप्त होगी। कुल मिलकार आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा।

सिंहः- आज किसी को उधार न दें। धन व्यय के योग बन रहे हैं। यात्रा में कष्ट एवं मानसिक तनाव हो सकता है। किसी भी कार्य के लिए घर से निकलने से पहले दान जरूर दें।

कन्याः- कार्यों में आने वाली बाधओं दूर होंगी। आज शुभ समाचार मिलेगा। मनोबल बढ़ेगा एवं सर्वव्यापी लाभ के प्रबल संकेत हैं। मित्रों, स्नेहीजनों से उपहार मिलेगा।

तुलाः- आज कर्मक्षेत्र में सफलता मिलेगी और घर में सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। नए संपर्क बनेंगे, जो आगे जाकर आपको शुभ फल प्रदान करेंगे।

वृश्चिकः- आज भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धार्मिक स्थल और अपने इष्ट देवी-देवता के दर्शन से मनोकमाना पूर्ण होगी। यात्रा में लाभ होगा।

धनुः- आज यात्रा में सावधानी बरतें, चोट-चपेट और वाद-विवाद की आशंका बन रही है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाऐं। व्यर्थ तनाव से दूर रहें।

मकरः- जीवनसाथी के साथ सहयोग बना रहेगा। अविवाहितों के लिए विवाह के प्रस्ताव आएंगे। घर में कोई मांगलिक कार्य या उसकी तैयारी हो सकती है।

कुंभः- क्रोध पर नियंत्रण रखें तो शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। आज धन लाभ होगा। अचानक मिली किसी शुभ सूचना से मन प्रसन्न रहेगा।

मीनः- अपनी योग्यता के अनुसार समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। संतान सुख और यात्रा में सफलता मिलेगी।

# रूस में इंटरनैशनल बॉक्सिंग टूर्नमेंट- चार भारतीय बॉक्सर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई स्वर्ण पदक विजेता पूजा रानी (75 किलो) और विश्व कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) के अलावा दो और भारतीय रूस में चल रहे मागोमेड सलाम उमाखानोव स्मृति अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नमेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। इंडिया ओपन स्वर्ण पदक विजेता नीरज (57 किलो) और पूर्व विश्व युवा चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता जॉनी (60 किलो) भी सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।



इस साल स्ट्रांजा मेमोरियल कप में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ने रूस की अनास्तासिया सिगाएवा को 5-0 से हराया। अब वह बेलारूस की एलिना वेबेर से खेलेंगी। पूजा ने रूस की लौरा मामेदकुलोवा को 4-1 से मात दी। जॉनी ने बेलारूस की अनास्तासिया ओबुशेंकोवा को 5-0 से हराया। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता पिंकी जांगड़ा (51 किलो) क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गईं।

इंडिया ओपन 2018 चैंपियन को बेलारूस की यूलिया अपानासोविच ने 5-0 से शिकस्त दी। पुरुषों में आशीष इंशा (50 किलो) ने अजरबैजान के सलमान अलीजादे को 4-1 से हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। उनसे पहले राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता गौरव सोलंकी (56 किलो), जीबी मुक्केबाजी रजत पदक विजेता गोविंद साहनी (49 किलो) और 2018 इंडिया ओपन स्वर्ण पदक विजेता संजीत (91 किलो) भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

# एस वी रंगनाथ बने कॉफी डे एंटरप्राइजेज के अंतरिम चेयरमैन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कैफे कॉफी डे के संस्थापक और चेयरमैन वी जी सिद्धार्थ का शव मिलने के बाद कॉफी डे एंटरप्राइजेज ने एस वी रंगनाथ को अपना अंतरिम चेयरमैन नियुक्त किया है। 8 अगस्त को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग होने वाली है। माना जा रहा है कि इस मीटिंग में आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।



सिद्धार्थ सोमवार से ही लापता थे। बुधवार सुबह ही उनका शव नेत्रावती नदी से बरामद किया गया है। इससे पहले सिद्धार्थ ने बोर्ड को भेजे कथित पत्र में कहा था, उन्होंने लंबे समय तक लड़ाई लड़ी लेकिन आज मैं हिम्मत हार रहा हूं, क्योंकि मैं प्राइवेट इक्विटी साझेदारों में से एक की तरफ से शेयर वापस खरीदे जाने का और दबाव नहीं झेल सकता हूं, एक लेनदेन जो मैंने छह माह पहले एक दोस्त से बड़ी राशि उधार लेकर आंशिक तौर पर पूरा किया था।

## रागी पराठा बनाने की विधि...

पनीर तथा अनारदाने के मिश्रण से बनने वाला रागी पराठा न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है बल्कि यह आपकी हेल्थ के लिए भी बहुत लाभदायक होता है। आज हम आपको इस पराठे को बनाने की पूरी विधि बता रहें हैं। आइए जानते हैं इसको बनाने के लिए जरुरी सामग्री।



### सामग्री -

नमक स्वादानुसार
थोड़ा सा घी
1 कप रागी का आटा

### स्टफिंग की सामग्री -

पनीर
धनियापत्ती कटी
अनारदाना

### विधि -

इसके लिए बर्तन ले और उसमे रागी आटा ले, अब इसमे पानी, नमक तथा घी डाल कर एक नरम डो को तैयार कर लें। पराठें की स्टफिंग तैयार करने के लिए एक अलग कटोरी में पनीर, अनारदाना और धनिया को एक साथ हाथ में से मसल कर एक मिश्रण तैयार कर लें। अब इस मिक्स सामग्री को डो की लोई में भर कर उसे बेर कर रोटी का आकार दे दें तथा तवे पर सेक कर तब तक पकाए जब तक पराठा दोनों तरह से हल्का सुनहरा न हो जाए। अच्छे से पकाने के बाद इन्हें एक अलग पलेट में निकाल लें। आपका रागी पराठा बन कर तैयार हो गया है। इसे दही के साथ गर्मा गर्म सर्व कीजिये।


## शब्द सामर्थ्य- 43

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दां | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 43

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.42 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |